सार-समाचार

स्टेशनों पर पीने के पानी जांच की

कोटा, (निसं)। मण्डल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के मार्गदर्शन में कोटा मंडल पर 16 सितंबर से प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 27 सितंबर 2022 को स्वच्छ नीर दिवस पर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर नामित अधिकारियों के नेतृत्व में स्टेशन पर स्थित फ़िल्टर प्लांट, प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों को सप्लाई किये जा रहे पानी की गुणवत्ता के साथ-साथ स्टेशन पर वाटर स्टेण्डों में पीने के पानी और नलों की जांच की गई। स्टेशन पर संचालित स्टालों पर मिलने वाली पानी की बोतलों के निर्माण तिथि एवं वैधता तिथि की जांच की गई। इस अभियान के अंतर्गत कोटा सहित विभिन्न स्टेशनों पर अधिकारियों और पर्यवेक्षक कर्मचारियों द्वारा पीने के पानी की मानक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नलों, वाटर स्टैंडों एवं बोतल बन्द पानी की गहन जांच की गई। गुरूवार 28 सितम्बर को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंडल में स्वच्छ आहार दिवस मनाया जाएगा। रेल प्रशासन द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता जागरूकता अभियान सम्बन्धी बैनर कोटा मण्डल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर जगह-जगह लगाये गए हैं, साथ ही स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली द्वारा भी स्वच्छता जागरूकता संबंधी संदेशों का प्रसारण कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

स्मार्टफोन योजना शिविर आज नहीं लगेंगे

कोटा, (निसं)। जिले में इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना शिविरों के अंतर्गत 28 सितम्बर को राजकीय अवकाश होने के कारण शिविरों का आयोजन नहीं किया जाएगा। अतिरिक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग मुकेश विजय ने बताया कि इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत मोबाइल वितरण के लिए जिले के शहरी क्षेत्र में 2 एवं ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर 5 शिविर संचालित किए जा रहे हैं। इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के प्रथम चरण में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आठ श्रेणियों के पात्र लाभार्थियों को ही मोबाइल वितरण किया जा रहा है। मोबाइल प्राप्त करने के लिए शिविर स्थल एवं शिविर की तिथि का संदेश प्राप्त होने के उपरान्त ही प्राप्त संदेशानुसार शिविर स्थल एवं शिविर तिथ पर मोबाइल प्राप्त करने के लिए उपस्थित हों। अतिरिक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने बताया कि कोटा उत्तर में संत तुकाराम सामुदायिक भवन कुन्हाड़ी, कोटा दक्षिण में दयानंद सरस्वती सामुदायिक भवन जवाहर नगर, सांगोद में अम्बेडकर भवन जोलपा रोड़, इटावा में अम्बेडकर भवन इटावा, लाड़पुरा में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र मंडाना, सुल्तानपुर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं रामगंजमण्डी में कार्यालय नगर पालिका में इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

जागरूकता मोबाइल वैन आज रवाना होगी

बूंदी (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विधिक जागरूकता हेतु मोबाईल वेन का संचालन जिले में 27 सितम्बर से 13 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमन गुप्ता ने बताया कि आज मोबाईल वेन के माध्यम से मीरागेट, रघुवीरपुरा, हट्टीपुरा, भवानीपुरा, दौलतपुरा, रामनगर जाटान व गुढ़ानाथावतान पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर आमजन को लोक अदालत के लाभ, बालकों के अधिकार, बाल विवाह रोकथाम, कन्याभूरण हत्या अधिनियम, बालश्रम अधिनियम, बाल यौन शोषण, वृद्धजनों के अधिकार, मध्यस्थता के लाभ, श्रमिकों के अधिकार, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं आदि विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा व मीना जांगिड उपस्थित रहे।

वन्दे भारत का ब्रेकिंग परीक्षण कार्य संपन्न

कोटा, (निसं)। कोटा मंडल में 19 सितम्बर से लगातार ब्रेकिंग परीक्षण किया जा रहा था। कोटा-सवाई माधोपुर सेक्शन में स्वतंत्र रूप से अनुसंधान अभिकल्प मानक संगठन, लखनऊ की टीम द्वारा मंगलवार 27 सितम्बर को भी अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटा गति पर विभिन्न प्रकार के ब्रेक लगाकर परीक्षण किया। परीक्षण में आपातकालीन ब्रेक को लगाकर भी कई बार परीक्षण किया। ब्रेकिंग ट्रायल के अंतिम दिन ट्रैफिक निरीक्षक अरविंद पाठक एवं लोको निरिक्षक नेतराम ने अनुसंधान अभिकल्प मानक संगठन, लखनऊ की टीम को-आर्डिनेट किया। टेस्टिंग के दौरान सूखी स्थिति के साथ, परिस्थियों को विषम बनाने के लिए चलती गाड़ी के पहियों पर लगातार पानी डलवा कर ब्रेकिंग की गई। परीक्षण के दौरान गुड़ला से लाबान स्टेशन के मध्य अप एवं डाउन एक फेरे में परीक्षण कर कुल 11 बार 160 किलोमीटर प्रति घंटा पर एवं कम गति पर 5 बार ब्रेकिंग की गई। वन्दे भारत रेक में कम्पनी के ब्रेकिंग सिस्टम का परीक्षण कार्य दिनांक 27 सितम्बर को पूरा हो गया है। एकत्र किए गए आंकड़े टीम द्वारा विश्लेषण के पश्चात् रेलवे बोर्ड सौपे जाएंगे।

ईद मिलादुन्नबी का जुलूस 29 को निकलेगा

कोटा, (निसं)। पैग़म्बरे इस्लाम की विलादत की खुशी में हर साल की तरह इस साल भी अंजुमन इस्लामिया समीती नूरी जामा मस्जिद विज्ञान नगर के जेरे अहतमाम निकलने वाला ईद मीलादुन्नबी का जुलूस 29 सितम्बर जुमा सुबह 8रू30 से निकाला जाएगा। जुलूस कमेटी के सदर अफ़ज़ल अंसारी ने बताया कि जो जुलूसे मोहम्मदी 28 सितम्बर को निकलना था वो आपसी सहमती से 29 सितम्बर बरोज जुमा सुबह 18.30 से निकाला जाएगा जुलूस नूरी जामा मस्जिद से रवाना होगा और छत्रपुरा मैन रोड़ से होता हुआ विज्ञान नगर संजय नगर होता हुआ नूरी जामा मस्जिद पर जलसे में तब्दील हो जाएगा। पैग़म्बरे इस्लाम की शान में नात व ओलमाये किराम के बयान होंगे। मुल्क हिंदुस्तान में अमन व शांति के लिए दुआ होगी।

मतदान के प्रति जागरुक किया

कोटा, (निसं)। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचन विभाग द्वारा कंजर्वेशन एवं जागरूकता अभियान के तहत महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा में बुधवार को विद्यालय के अठारह वर्ष पूर्ण करने वाले विद्यार्थियो को मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने, अपने मताधिकार का प्रयोग एवं मतदान करने के प्रति जागरूक किया। उपनिदेशक उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मनोज कुमार पाठक ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मतदान एवं मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी शफीकुर्रहमान ने विद्यार्थियों को निर्वाचान में अपने मताधिकार के प्रयोग की शपथ भी दिलवाई।

मरीजों को फल वितरण

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम परमार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में झलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर प्रमुख समाजसेवी गोविन्द नारायण अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में शाम 5.30 बजे समिति द्वारा न्यू मेडिकल हॉस्पिटल के छह वार्डो में मरीजों को सेव फल वितरण किये गये। यह जानकारी मुख्य संरक्षक पी.पी.गुप्ता ने दी। गुप्ता ने बताया कि इस पुनीत अवसर पर प्रमुख समाजसेवी एवं भामाशाह गोविन्द नारायण अग्रवाल ने बताया कि असहाय रोगियों की सेवा करना और कुशलक्षेम पूछना ईश्वर पूजा के समान है। सेवा का भाव मन में रखकर मानवता के दुख दर्द को दूर करने का काम करना चाहिए।

राहुल महाराज 29 को कोटा में

कोटा, (निसं)। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य राहुल महाराज शुक्रवार 29 सितम्बर को दोपहर 1:30 बजे कोटा आयेंगे। अतिरिक्त कलेक्टर शहर बृजमोहन बैरवा ने बताया कि राज्य सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य 29 सितम्बर को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर व समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व नगर निकाय के अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे तथा रात्रि 10 बजे कोटा से जोधपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

संविदा कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी

बून्दी (निसं)।अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के बैनर तले प्रदेश महामंत्री अनीस अहमद के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग के संविदा निविदा एवं मानदेय कर्मचारी संघ एकीकृत एवं अस्थाई कर्मचारी संघ (शिक्षा विभाग) ने संयुक्त रूप से दो घंटे का कार्य बहिष्कार आज तीसरे दिन भी जारी रहा। सभी संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

सद्भावना दौड़ दो अक्टूबर को

कोटा, (निसं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर के अवसर पर जिला मुख्यालय पर सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने बताया कि दौड़ प्रातः 6 बजे उम्मेदसिंह स्टेडियम से प्रारंभ होकर वापस उम्मेदसिंह स्टेडियम पर खत्म होगी।

चिकित्सा क्षेत्र में भी रोल मॉडल बनेगा कोटा : शांति धारीवाल

■ डीलक्स कॉटेज वार्ड समेत करोड़ के विकास कार्यों का मंत्री धारीवाल ने लोकार्पण किया

कोटा, (निसं)। कोटा अब चिकित्सा क्षेत्र में भी रोल मॉडल बनेगा कोटा एमबीएस अस्पताल और जेके लोन परिसर में चिकित्सा के क्षेत्र में सुविधाओं एवं संसाधनों के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पूर्ण होने के बाद चिकित्सा सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ आधुनिक संसाधनों का भी समावेश किया गया है।

इससे पूर्व जेके लोन और एमबीएस अस्पताल में चिकित्सा सेवाओ के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पूर्ण हो चुके हैं जिसकी सुविधाओं का लाभ हाड़ौतीवासियों को मिल रहा है। बुधवार को यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा एमबीएस अस्पताल परिसर में 65 करोड़ की लागत से विकसित किए गए अति-आधुनिक कॉटेज वार्ड के लोकार्पण के दौरान कहीं उन्होंने नवनिर्मित कॉटेज वार्ड का अवलोकन किया और भवन और आधुनिक संसाधनों का अवलोकन किया। उद्घाटन समारोह में पहुंचते ही मंत्री शांति धारीवाल का अस्पताल प्रबंधन की ओर से स्वागत किया गया।

जी प्लस 4 कॉटेज वार्ड की विशेषताः- कोटा नगर विकास न्यास द्वारा 65 करोड़ की लागत से कॉटेज वार्ड का निर्माण करवाया गया है। जी प्लस 4 बिल्डिंग विकसित की गई है । जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग, लिफ्ट, पहले फ्लोर पर 4 ऑपरेशन थियेटर, 7 प्री ओ टी, 7 पोस्ट ओ टी बेड की सुविधाए हैं। दूसरे फ्लोर पर 52 बेड का आईसीयू वार्ड का निर्माण करवाया गया। तीसरे फ्लोर पर 52 बेड का वार्ड विकसित किया जाएगा वही चौथे फ्लोर पर 32 बेड का डीलक्स वार्ड का निर्माण किया गया। प्रत्येक फ्लोर 25 बाई 130 मीटर का हैं। कॉटेज वार्ड मैं आधुनिक संसाधनों का समावेश किया गया है।। इस आधुनिक बिल्डिंग में लिफ्ट के साथ सीढ़ियां, रैम्प का भी निर्माण करवाया गया है।

अदालत परिसर में करीब 3 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पणः- न्यायालय परिसर में शेष बचे कामों को भी मौका मिला तो जल्द पूरा करवाया, परिसर में आने वाले आमजन को भी सुविधा उपलब्ध हो सकें, इसके लिए परिसर में अन्य विकास कार्यों को करवाया जाएगा यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने बुधवार को अदालत परिसर में 2 करोड़ 70 लाख की लागत से वकीलों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य विकास कार्य एवं रिनोवेशन कार्यों का लोकार्पण कर अभिभाषकों को संबोधित करते हुए कहा, लोकार्पण के दौरान मंत्री धारीवाल ने परिसर का अवलोकन भी किया। लोकार्पण समारोह में पहुंचते ही अभिभाषक परिषद की कार्यकारिणी की ओर से मंत्री धारीवाल का स्वागत कर सालों बाद अदालत परिसर में हुए विकास कार्यों पर आभार व्यक्त किया।

हेरिटेज लुक में नजर आने लगा अदालत परिसरः- नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा अदालत परिसर में जी-1 आर॰सी.सी.॰35 गुड़ा 15 मीटर हॉल का निर्माण करवाया गया है। जी-1 आर॰सी॰सी॰ हॉल का निर्माण 6000 वर्गफुट दोनों फ्लोर पर इसके साथ ही वकीलो की बैठक व्यवस्था का हेरिटेज की अवधारणा पर जीर्णोद्वार एवं सौन्दर्यकरण कार्य करवाया गया है। अभिभाषक परिसर की छत पर वॉटरप्रूइंग का कार्य करवाया गया है।

नई सड़क से क्षेत्रवासियों का आवागमन हुआ सुगमः- कोटा को मिल रही विभिन्न विकास कार्यों की सौगात की श्रृंखला में कुन्हाड़ी छोटी पुलिया से चम्बल नदी के सहारे बापू नगर आवासीय योजना (बीड़ के बालाजी) तक रिटेनिंग वॉल व सी.सी.सड़क का निमार्ण कार्य का लोकार्पण बुधवार को मंत्री शांति धारीवाल ने किया। कोटा नगर विकास न्यास द्वारा 3 करोड़ 44 लाख की लागत से किये गए सड़क के निर्माण से समस्त बापू बस्ती एवं बालिता रोड़ के निवासियों को बालिता रोड़ पर आये दिन सब्जीमंडी में ट्रैफिक जाम से निजात मिल गई यातायात सुगमता हो गई है। छोटी पुलिया से बीड़ बालाजी तक रोड़ के दोनों ओर दीवार का निर्माण कर 2-लेन सी.सी. रोड़ मय फुटपाथ का निर्माण किया गया है। दीवार एवं सी.सी. रोड़ की कुल लम्बाई लगभग 400 मीटर है।

बापू नगर को मिली सामुदायिक भवन सौगातः- कुन्हाड़ी बापू नगर एवं आसपास के क्षेत्रवासियों को सामाजिक एवं विभिन्न आयोजनों के लिए अब सामुदायिक भवन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी बुधवार को यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने नगर विकास न्यास द्वारा 3 करोड़ 66 लाख की लागत से विकसित किए गए सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर क्षेत्र वासियों को समर्पित किया। सामुदायिक भवन में विशाल हाल के साथ कमरे जन- सुविधाएं, आयोजन के लिए विशाल लोन विकसित किया गया है जिसकी सुविधा का लाभ अब क्षेत्र वासियों को मिल सकेगा।

यह रहे उपस्थितः- विकास कार्यों के लोकार्पण के दौरान पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल महापौर मंजू मेहरा उप महापौर सोनू कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर न्यास ओएसडी आरडी मीणा, सचिन मानसिंह मीणा, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य संगीता सक्सेना सहित कांग्रेस पार्षद, कांग्रेस कार्यकर्ता न्यासा अधिकारी उपस्थित रहे।

गांधी दर्शन कुंभ में गांधीवादी विचारकों का समागम हुआ

■ गांधी के विचारों के सतत् प्रसारण का आव्हान

कोटा,(निसं.)। शांति एवं अहिंसा निदेशालय के तत्वावधान में बुधवार को गांधी दर्शन कुंभ कार्यक्रम का आयोजन बूंदी रोड स्थित एक रिसोर्ट में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से गांधीवादी विचारकों का एकत्रीकरण हुआ।

शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष शर्मा ने आव्हान किया कि गांधी जी के दर्शन और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का जो बीड़ा उठाया है, वह गांधीवादी विचारकों और प्रेरकों के माध्यम से सतत् व्यापक रहे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गांधी दर्शन को समर्पित शांति एवं अहिंसा निदेशालय की पहल देश में अनूठी है। गांधी दर्शन पर आधारित जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रदेशवासी लाभान्वित हो रहे हैं।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं गांधी दर्शन समिति के संयोजक पंकज मेहता ने गांधी के सिद्धांतों को रेखांकित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद कराया। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सिद्धान्त वर्तमान दौर में भी जहां हिंसा और असत्य जैसी प्रवृत्तियों का बोलबाला है, अधिक प्रासंगिक हैं।

उन्होंने संभागीयों से गांधी दर्शन को आत्मसात् कर उनके संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश को सबसे ज्यादा जरूरत शांति और अहिंसा की है।

भारत को विदेशों में गांधी के देश के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन पर आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गांधी दर्शन का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ एवं गांधी के विचार जन-जन तक पहुंचेंगे।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीईओ जिला परिषद ममता तिवाड़ी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि गांधी दर्शन पर आधारित इन आयोजनों में एक परिवार जैसा वातावरण निर्मित किया है। उन्होंने कहा कि शांति अहिंसा निदेशालय के तत्वावधान में गांधी जी के दर्शन को प्रसारित करने का अभूत पूर्व कार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि शांति का वातावरण बनाने का कार्य एक दिन का नहीं बल्कि सतत् प्रक्रिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ गांधीवादी चितंक एवं विचारक नरेश विजयवर्गीय, गांधी जीवन दर्शन समिति के सह संयोजक संदीप दिवाकर सहित विभिन्न जिलों से आये गणमान्यजनों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन पुरूषोत्तम शर्मा ने किया।

विश्व पर्यटन दिवस पर विविध आयोजन हुए

कोटा, (निसं.)। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग, हाड़ोती हैरिटेज वॉक, हम लोग, तथा एआरएन ग्रुप ऑफ होटल्स के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को नांता महल में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्ति तथा पर्यटन ट्रेड से जुडे संस्थान के सदस्यों ने भाग लिया।

हैरिटेज वॉक में नांता महल के प्राचीनतम इतिहास की वरिष्ठ इतिहासकार फिरोज अहमद तथा इन्टेक सहसंयोजक बहादुर सिंह ने जानकारी दी। हैरिटेज वॉक के पश्चात् कीर्तशम ग्रुप के रवीन्द्र श्रीवास्तव दल द्वारा मतदान जागरूकता पर लघु नाटक का मचंन तथा मतदान के महत्व की जानकारी दी। साथ ही स्कूल के छात्र-छात्राओ एवं पर्यटन ट्रेड से जुडे लोगों ने नांता महल स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। जिसमें शहर के प्रबुधजन, होटल व्यवसायी तथा नांता सीनियर सेकण्डरी स्कूल के छात्र-छात्रा तथा एलबीएस होटल मैनेजमेंट कॉलेज के छात्र भी मौजूद रहे।

इसके उपरांत मांगरोल से आये लोक कलाकार दल मांगीलाल द्वारा स्वर मधुर प्रस्तुतियों से लोक कला गायन की प्रस्तुति दी। कार्यालय पर्यटक स्वागत केन्द्र में विदेशी पर्यटकों का स्वागत किया तथा विदेशी पर्यटकों द्वारा पौधारोपण किया। इसी क्रम में राव माधोसिंह म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा तथा एआरएन ग्रुप ऑफ होटल द्वारा पौधारोपण किया गया। बेण्ड स्टेंड स्टेडियम के सामने पर्यटन विभाग, हाडौती हैरिटेज वॉक, हमलोग, एआरएन होटल द्वारा प्राचीन बेण्ड स्टेंड स्थल नयापुरा की साफ-सफाई कर बूंदी जिले के ठीकरदा गांव से आये मशक बेण्ड के कलाकार दलों ने आकर्षक प्रस्तुति दी।

उम्मेद क्लब में विश्व पर्यटन दिवस की थीम टूरिज्म एंड ग्रीन इन्वेस्टमेंट पर संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें उपनिदेशक पर्यटन विकास पंड्या द्वारा थीम के महत्व पर प्रकाश डाला तथा एलबीएस होटल मैनेजमेंट कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा भी संवाद प्रस्तुत किये। हाडौती हेरिटेज वॉक सर्वेश सिंह हाडा ने महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय के जीवन परिचय तथा उनके शासनकाल में कराये गये विकास कार्यों पर जानकारी दी।

पितृपक्ष में देवशिव महापुराण कथा एक से

कोटा, (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक कुबेरेश्वर धाम के पं. प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से कोटा में 1 से 5 अक्टूबर तक पितृ पक्ष में देवशिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। कार्यक्रम संयोजक कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने बताया कि शिव महापुराण कथा का आयोजन दशहरा मैदान में प्रतिदिन 2 से 5 बजे तक किया जाएगा। कथा से पूर्व 30 सितंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो श्रीनाथपुरम स्टेडियम से प्रारंभ होकर तीन बत्ती सर्किल, छोटा चौराहा, दादाबाड़ी बड़ा चौराहा से होते हुए कथा स्थल दशहरा मैदान स्थित विजय श्री रंगमंच पर पहुंचेगी। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलेंगी। वहीं मधुर स्वर लहरियां बिखरते बैंड भी साथ रहेंगे। विधायक संदीप शर्मा ने बताया कि कथा के लिए 3 लाख वर्ग फीट का वाटरप्रूफ पांडाल तैयार किया जा रहा है। इसमें एक लाख से अधिक सनातन धर्मप्रेमी कथा श्रवण कर सकेंगे। इसके अलावा दशहरा मैदान में पुराना पशु मेला स्थल समेत शहरभर में प्रमुख पार्कों और बड़े मंदिरों पर भी एलईडी की व्यवस्था की जा रही है। जहां आमजन कथा सुन सकेंगे।

दीगोद थानेदार ने स्थानीय सरपंच से बदसलूकी की

कोटा, (निसं)। दीगोद कस्बे में एकादशी के दिन निकाली जा रही शोभायात्रा के दौरान दीगोद थानाधिकारी ने स्थानीय सरपंच कपिल मीणा के साथ बदसलुकी कर, जाति सूचक शब्द से अपमानिम करते हुए मारपीट पर उतारू हो गये।

घटना से दुखी होकर सरपंच संघ के पदाधिकारी एवं दीगोद के व्यापारी थानाधिकारी के दुर्व्यवहार को लेकर पूर्व विधायक हीरालाल नागर के नैतृत्व में पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण से मुलाकात की एवं दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की। पूर्व विधायक नागर ने बताया कि दीगोद में डोल ग्यारस के दिन हिन्दू समाज के लोग देव विमान को साथ लेकर तालाब में स्नान कराने ले जा रहे थे, रास्ते में आते समय ट्रेफिक की अव्यवस्था होने के कारण स्थानीय सरपंच कपिल मीणा ने इतना ही कहा था कि ट्रेफिक व्यवस्था को थोड़ा ठीक करवा दो, इतना कहना थानेदार को बुरा लग गया और सरपंच के साथ गाली-गल यही नहीं जुलूस पर थानेदार द्वारा लाठियां भी फटकारी गयी। नागर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक से मिलने के दौरान आश्वासन दिया कि व्यक्तिगत स्तर पर प्रकरण की जांच करा कर घटना की सत्यता का पता लगाया जाएगा एवं 24 घण्टे में उक्त अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष घनश्याम यादव, भाजपा कोटा देहात जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, कांग्रेस नेता हरीप्रकाश शर्मा, दीगोद मण्डल अध्यक्ष सरोज यादव, पंचायत समिति सदस्य जगदीश मेघवाल, मण्डल महामंत्री गिरीश शर्मा, सीताराम धाकड़ डूंगरज्या, गोविन्द नागर दीगोद, पीयूष व्यास दीगोद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

'आर्य समाज सेवा व सामाजिक जागरूकता के कार्य में अग्रणी है'

■ आर्य समाज कोटा की स्मारिका 'इदन्न मम' का विमोचन

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सानिध्य में आर्य समाज कोटा की स्मारिका इदन्न मम का कोटा में हुआ विमोचन।

इस बारे आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के मीडिया प्रभारी आचार्य अग्निमित्र शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग द्वारा विगत दशक में किए गए समाज सेवा व जागरूकता के कार्यक्रमों से आमजन को अवगत कराने के लिए आर्य समाज द्वारा प्रकाशित स्मारिका इदन्न मम का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सानिध्य में कोटा स्थित कैंप कार्यालय में विमोचन किया।

शास्त्री ने बताया कि इस अवसर पर आर्य उपप्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अर्जुन देव चड्ढा के नेतृत्व में महामंत्री अरविंद पांडेय, कोषाध्यक्ष राधावल्लभ राठौर, वरिष्ठ मंत्री एडवोकेट चंद्रमोहन कुशवाहा, मंत्री लालचंद आर्य युवा मंत्री किशन आर्य हरियाणा उप प्रधान रामनारायण कुशवाहा ने कोटा स्थित कैंप कार्यालय पहुंच शिष्टाचार भेंट की। व लोकसभा अध्यक्ष का वैदिक मंत्रोच्चार पूर्वक राजस्थानी साफा, गायत्री मंत्र से सुसज्जित केसरिया पटका पहनाकर तथा सभा का स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। स्मारिका विमोचन के इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आर्य समाज सेवा व जागरूकता के कार्यक्रमों में हमेशा अग्रणी रहा हैं।

स्मारिका में प्रकाशित लेखों के माध्यम से आमजन को महर्षि दयानंद सरस्वती के द्वारा वेद, वैदिक जीवन दर्शन और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों की जानकारी मिलेगी। साथ ही अन्य लोग भी समाज सेवा के लिए प्रेरित होंगे। बिरला ने कहा कोरोना कल में आर्य समाज के सदस्यों ने द्वारा यज्ञ रथ यात्रा निकालकर पर्यावरण शुद्धि व कोरोना रोगाणुओं को नष्ट करने तथा लोगों में आत्मविश्वास जागृत करने का कार्य किया गया।

इसके साथ ही अपने विभिन्न सेवा कार्यों से आर्य समाज ने लोगों की बहुत सहायता की। स्मारिका के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभा के महामंत्री अरविंद पांडेय ने बताया कि स्मारिका में आर्य समाज कोटा द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले समाजसेवा, जन जागरूकता, अंधविश्वास निराकरण, महिला सशक्तिकरण, संस्कृति संरक्षण, रक्तदान, बाल-विवाह निषेध, संबंधित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई हैं। इसके साथ ही आर्य समाज द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान घर-घर यज्ञ-हर घर-यज्ञ, पर्यावरण संरक्षण के कार्य, वृक्षारोपण, परिण्डे बांधना, लोगों के स्वास्थ्य के लिए चलाए गए योग शिविर, आत्मरक्षा शिविर तथा औषधीय काढ़ा वितरण आदि के बारे में वर्णन किया गया है।

पांडेय ने बताया कि इसके साथ ही स्मारिका में महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज स्थापना के पीछे जो उद्देश्य थे उनके बारे में ज्ञानवर्धक लेख भी प्रकाशित किए गए हैं। सभा प्रधान अर्जुन देव चड्ढा ने पिछले दिनों आर्य समाज कोटा के सदस्यों के दल का राष्ट्रपति भवन भ्रमण व संसद भ्रमण, भोजन व विश्राम की व्यवस्था करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार व्यक्त किया।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः LU2012/KOT/2023-24/100612 **लोक सूचना** दि.27.09.2023

श्री M/S OWAIS CONSTRUCTION COMPANY PVT. LTD. KOTA (RAJ.) JARIYE DIR. SH. MOHAMMED RIYAZ SHEIKH पुत्र श्री LATE MOHAMMED RAMZAN जाति MUSLIM निवासी H.NO.-9 SHAKTI VIHAR BORKHRDE ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	रंग तालाब उर्फ काला तालाब, लाडपुरा (कोटा)	RAM KALYAN S/O LAXMI NARAYAN MALI SA. KALATALAB KHATEDAR	724/415	10000	1
				कुल	1

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा । यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27/09/2023 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, कोटा**

नाम परिवर्तन

मेरा नाम रुपचंद (Rupchand) पुत्र श्री हरलाल है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम रुप चन्द मेहता (Rup Chand Mehta) अंकित है। वास्तव में मेरा नाम (Rupchand) है। अतः भविष्य में मुझे (Rupchand) के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मेरे पक्षकार श्री मोहनलाल कोटवानी पुत्र श्री गोविन्द राम आयु-60 साल जाति-सिंधी निवासी-42 झूले लाल मंदिर के पीछे, सिंधी कोलोनी कोटा राज. जिनका पुत्र विक्की कोटवानी पुत्र श्री मोहनलाल कोटवानी आयु-36 साल तथा उसकी पत्नी सपना उर्फ परी कोटवानी जो कि आयेदिन मेरे पक्षकार के साथ बदतमिजी लड़ाई झगडा करके शारिरीक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है तथा आयेदिन परेशान करता है अन्य प्रकार के नशे करता है इस कारण मेरे पक्षकार ने उनके पुत्र विक्की कोटवानी एवं उसकी पत्नी सपना उर्फ परी कोटवानी तथा उसके वारिसान को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके अपने संबंध मे समाप्त कर लिये तथा मेरे पक्षकार का पुत्र विक्की